श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
19.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष एकादशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 234

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:33 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 39 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com
रामममय हुआ गढ़वा, भक्तों की उमड़ी भीड़ >> पेज 03 | पहले चरण की वोटिंग आज >> पेज 04

## सुविचार

वक्त और हालात कभी भी बदल सकते हैं, इसलिए जब आपका वक्त सही हो तो किसी का अपमान न करें

## न्यूज अपडेट्स

### जैक मैट्रिक व इंटर का रिजल्ट आज

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है। लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के लिए चुनाव आयोग जोरशोर से जुटा है। दूसरी तरफ झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक शुक्रवार को मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी करेगा। परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को इस घड़ी का बेसब्री से इंतजार रहता है। जैक के सभागार में शुक्रवार को 11.30 बजे रिजल्ट जारी होगा। झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुई थी। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं इंटर की परीक्षाओं में 3,44,822 परीक्षार्थियों शामिल थे। दोनों लेबल की परीक्षाओं के नतीजे छात्र और छात्राओं के आगे के भविष्य की राह खोलते हैं।

### बन्दूक के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना पुलिस ने ग्राम धावा के बेहराखाड़ टोला में छापामारी कर एक बुजुर्ग माना मुंडा (65) को एक नाली भरठुआ बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कारवाई की। बंदूक बरामद होने पर पूछताछ में माना मुंडा ने कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। थाना प्रभारी नीलेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि धावा के बेहराखाड़ टोला में एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने घर में हथियार रखे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस मौके पर पहुंची। सर्च करने पर माना मुंडा के मिट्टी से बने घर के आंगन के बगल वाले कमरे से एक लकड़ी एवं लोहे का बना एक नाली भरठुआ बन्दुक बरामद हुआ।

### बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची बाबा चौक के समीप सड़क हादसे में जान गवा बैठे दोनों मोपेड सवार युवकों की पहचान गुरुवार को कर ली गई। एक मृतक की पत्नी और बहन ने दोनों शवों की पहचान की। थाना प्रभारी अंचीत कुमार के अनुसार मृतकों में चैनपुर थाना क्षेत्र के टेमराई गांव के बेने समद (22) और महेश टोपनो (25) शामिल हैं। रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर पोंची बाबा चौक के समीप बुधवार की शाम अर्श यात्री बस की चपेट में आकर दोनों मोपेड सवार युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया था।

## झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

# पलामू में पहले दिन कोई नामांकन नहीं, 4 फार्म बिके



**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गयी। पहले दिन चार एनआर काटा गया। नामांकन के पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा कलेक्ट्रेट स्थित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं।

नामांकन जांच यानी स्क्रुटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है काउंटिंग की तिथि 4 जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान 20 में को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा।

पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि छात्रा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ता है। मतदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में पलामू में 17 लाख 1327 मतदाता हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 20429 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 8 लाख 80 हजार 877 है। पहले दिन नामांकन के लिए निवार्ची पदाधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद रहे, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नोमिनेशन नहीं किया। इस क्रम में भाजपा उम्मीदवार सह सांसद विष्णु दयाल राम, महागठबंधन से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमाक्रेसी के वृंदा राम एवं भागीदार पी के सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र खरीदे। इसके साथ ही चुनाव को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। चुनावी सरगर्मी भी तेज हो गई है। चुनावी दौरों और जनसभाओं का दौरा शुरू होने वाला है। कल तक रामनवमी और ईद में व्यस्त कार्यकर्ता और मतदाता भी रेस हो गए हैं। नामांकन और चुनावी सभाओं में कार्यकर्ताओं का जोर और प्रचार का शोर सुनायी देने वाला है।

### 25 तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

**रांची।** राज्य की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित तीन एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। नामांकन दाखिल कर चुके लोग अगर नाम वापस लेना चाहें, तो इस तारीख तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। राज्य की 4 लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं। खूंटी (एसटी) सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था। लोहरदगा (एसटी) सीट पर भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू (एससी) संसदीय सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व आईपीएस ऑफिसर वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने ममता भुइयां को टिकट दिया है। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। चार लोकसभा क्षेत्र में कुल 63,99,582 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। सबसे ज्यादा 33 थर्ड जेंडर वोटर सिंहभूम (एसटी) लोकसभा क्षेत्र में हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 23 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

## झारखंड में चुनावी ड्यूटी में लगे वाहनों में जीपीएस



**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जायेगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव के दरम्यान बूथ से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली ईवीएम और निर्वाचनकर्मियों के मूवमेंट पर नजर रखी जायेगी। राज्य में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग का मानना है कि इससे चुनाव में पारदर्शिता आयेगी। गाड़ियों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में विशेष टीम बनाई गई है, जहां ऑनलाइन माध्यम से नजर रखी जायेगी। चुनाव ड्यूटी में लगनेवाली निजी गाड़ियों के किराए में होने वाली गड़बड़ी पर रोकथाम के लिए आयोग ने वाहन मैनेजमेंट सिस्टम नाम से ऐप लाया है, जिसके माध्यम से चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों के समय, तारीख, किलोमीटर, सेवा अवधि और भुगतान जैसी तमाम चीजें चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर डिस्प्ले करती रहेंगी। इसके प्रयोग में होने से गाड़ी मालिक के किराया भुगतान संबंधी शिकायत काफी हद तक दूर होने की संभावना है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक की आमतौर पर भुगतान को लेकर शिकायत रहती थी, जिसे इसके माध्यम से दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगी गाड़ी खासकर ईवीएम को लेकर बूथ और स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली गाड़ी जीपीएस युक्त होंगे, जिसके हर गतिविधियों पर आयोग की नजर होगी। इसपर करीब एक करोड़ खर्च होने की संभावना है।

## पारा 43 डिग्री पार, स्कूलों का बदला समय

**रांची।** राज्य में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया गया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है।

## आदिवासी-मूलवासियों पर हो रहे अत्याचार को करेंगे उजागर : चंपाई

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान न्याय महारैली की सफलता को लेकर गठबंधन दल के नेताओं के साथ गुरुवार को बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रैली केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों एवं मूलवासियों पर हो रहे अत्याचारों और उन्हें जल- जंगल-जमीन से दूर करने की साजिश का पदार्फाश करेगी। विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के खिलाफ एजेंसियों के इस्तेमाल और झूठे आरोपों द्वारा उन्हें बदनाम करने की रणनीति को देश समझ चुका है और आगामी चुनावों में जनता उन्हें जवाब देगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को यह भरोसा दिलाया था कि पूरा इंडिया गठबंधन उनके इस संघर्ष में साथ रहेगा। चुने हुए मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में भेजना झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा को अपने इस षड्यंत्र की इतनी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी कि अब वह विपक्षी दलों को छोड़ने से पहले चार बार सोचने को मजबूर होगी। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया है। जनता सब समझ चुकी है कि यह सारा षड्यंत्र भाजपा ने एक सर्वमान्य युवा आदिवासी मुख्यमंत्री को बदनाम करने के उद्देश्य से संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर कराया है। जनता में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों का गुस्सा आने वाले चुनाव में भाजपा को दिखेगा।

## नागपुर के डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर के महर्षि व्यास सभागार में डा. भागवत ने कहा

# व्यवहार में ज्ञान, समझ की आवश्यकता

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू धर्म का ज्ञान, जीवन उद्देश्य कि चेतना तथा हम कौन हैं और हमारा कौन है, इसकी समझ होना जरूरी है। नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर के महर्षि व्यास सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः हिन्दू राष्ट्र के जीवन उद्देश्य का क्रमबद्ध घोषणापत्र इस ग्रंथ का गुरुवार को विमोचन किया। इस अवसर पर महानगर संघ चालक राजेश लोया, लेखक रमेश पतंगे और डॉ सुधाकर जाधवर ने सरसंघचालक के साथ मंच साझा किया। इस पुस्तक पर टिप्पणी करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि भारत पर शक, हूण, यवन, मुगल और ब्रिटिश जैसी विदेशी ताकतों ने लगातार आक्रमण किया। हमने अपने मतभेदों और विश्वासघात के कारण सदैव विदेशियों को विजयी बनाया है। लगभग 2 हजार वर्षों की गुलामी और



संघर्ष से हमें आत्म-विस्मृति हुई है। सरसंघचालक ने कहा कि हम भूल गये हैं कि हम कौन हैं और हमारा कौन है। हमें इससे बाहर निकलना होगा। उन्होंने बताया कि हमे अतीत की गलतियां दोहराने से बचना चाहिए। बतौर डॉ. भागवत हमारे पास हिंदू धर्म का बहुत ज्ञान है लेकिन उसके अनुसार कोई कार्य नहीं करता। नतीजतन हमें हिंदू धर्म को हमारे आचरण में लाना होगा। भागवत ने कहा कि हमें अपनी पहचान को ध्यान में रखते हुए अपने धर्म और संस्कृति के अनुसार कार्य करना चाहिए। भागवत ने बताया कि इससे विपरित परिस्थितियों मे बने रहने की क्षमता का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि संघ के गठन के समय की स्थिति और वर्तमान स्थिति में बहुत बड़ा अंतर है। प्रारम्भिक दिनों में सामान्य स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालकों तक सभी को विरोध एवं अभाव का सामना करना पड़ा लेकिन आज स्थिति बदल गयी है। समाज में संघ की स्वीकार्यता बढ़ी है और साधन भी उपलब्ध हैं लेकिन सभी को संघ की स्थापना के उद्देश्य को ध्यान में रखना चाहिए। बतौर सरसंघचालक संघ चाहता है कि हमारा समाज असुरी बल या धन के सहारे नहीं, बल्कि धर्म के आधार पर विजयी हो।

## पांडू के कजरू कला में दो समुदाय के युवकों में भिड़ंत, कई बाइक क्षतिग्रस्त

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के कजरू कला में गुरूवार की देर शाम दो समुदाय के युवकों में भिड़ंत हो जाने की सूचना मिली है। मारपीट में कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी है। इसका वीडियो भी सामने आया है। सूचना मिलने पर विश्रामपुर के एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली है। स्थिति नियंत्रण में बतायी गयी है। एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। घटनास्थल पांडू प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर है, जबकि जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 65 किलोमीटर है। बताया जाता है कि बाइक सवार कुछ युवक कजरू कला बाजार से सटे मस्जिद गली से होकर निकल रहे थे। इसी बीच दूसरे पक्ष के समुदाय विशेष के युवकों ने उन्हें रोका। बात बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गयी। एक पक्ष के युवकों का आरोप है कि दूसरे पक्ष के युवकों ने पूरे परिवार के साथ उनसे मारपीट शुरू कर दी। ऐसे में उन्हें मौके पर ही अपनी अपनी बाइक छोड़कर व जान बचाकर भागना पड़ा। सूचना मिलने पर पांडू पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने पर घटनास्थल पर कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी मिली। बाइक में भगवा झंडा बंधा हुआ था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

# शहरी क्षेत्र में व्यापक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये बैठक संपन्न



**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत के शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में श्री बंशीधर नगर के प्रसिद्ध सोशल मीडिया चालक, प्रशिक्षण केंद्र तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये अपने स्तर से लोगों को जागरूक कराने पर चर्चा की गई। सोशल मीडिया चालकों को बताया गया की आप वीडियो, एनीमेशन तथा अपने ब्लॉग के जरिये युवा वर्ग को वोट देने के लिये जागरूक करें। वही प्रशिक्षण केंद्रों के चालकों से महिला वर्ग को वोट देने के लिये जागरूक करें जिससे महिला का वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी आये। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष व सदस्य से भी अनुरोध किया गया है की आप 13 मई को वैतनिक अवकाश की घोषणा करें, जिससे दुकानों में दैनिक वेतन पर काम करने वाले युवा वोट देने से वंचित ना रहें। नगर प्रबंधक प्रमेय मंडिलवार ने बताया की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के रवि कुमार के निर्देशानुसार सभी सोशल मीडिया चालक, ब्यूटी पार्लर चालक, व्यापारी संघ, समाजसेवी से एक बैठक कर उनके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में वोट प्रतिशत को बढ़ाने में मदद ली जाय।मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार, पप्पू पांडेय, उज्जवल विश्वकर्मा, बब्लू कुमार, अभिषेक चौबे, जिया सोनी, नीरज सिंह, राजन सोनी, राजीव कमलापुरी आदि मौजूद थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## खलिहान में लगी आग, 500 बोझा गेहूं राख

**विशुनपुरा :** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के जतरो बंजारी गांव में विशुनपुरा थाना निवासी पत्रकार अभय कुमार गुप्ता के खलिहान में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे उनके खलिहान में रखे लगभग 500 बोझा गेहूं एवं 20 बोझा सरसों जलकर खाक हो गया। आग की लपटें उठते देख आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। किन्तु तब तक काफी विलंब हो चुका था। सभी फसलों का बोझा जल चुका था। आग लगने का कारण बिजली के पोल से निकली आग की चिंगारी बताया जा रहा है। अभय गुप्ता ने बताया कि आज ही सारे बोझा को बारह बजे के आस पास खलिहान में रखवाया गया था। ताकि शाम को थ्रेसर से कटवाया जाता। लेकिन दोपहर डेढ़ बजे फोन से सूचना मिलने पर पहुंचे तो सारा फसल जलकर राख हो चुका था।

**मेराल** ▶ **फ्लाईओवर निर्माण बनी मुसीबत, धूल से लोगों का जीना हुआ मुहाल**

# बिना सर्विस रोड हो रहा आवागमन

**आधा से अधिक लोगों को नहीं दिया जा रहा है मुआवजा**

**जनता का रहनुमा नेता व प्रशासन मौन**

**प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग**





**बलराम शर्मा**

**मेराल :** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत खजूरी से विंढमगंज तक एनएच-75 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य कर रही एमजीसीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से मेराल के शहरी क्षेत्र में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। डायवर्सन पर आवश्यकता से बहुत कम पानी के छिड़काव के कारण निमार्णाधीन हाईवे पर उड़ रही धूल से एक तरफ जहां राहगीर परेशान हैं तो वहीं दूसरी तरफ हाईवे किनारे रह रहे लोगों का जीना भी मुहाल हो गया है। आलम यह है कि एक साथ जब कई गाड़ियां गुजरती है तो डस्ट से दिन में भी अंधेरा सा छा जाता है। डस्ट से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी है। लेकिन संवेदक को इससे कोई लेना-देना नहीं है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों तथा स्थानीय प्रशासन से लोगों ने कई बार इसकी शिकायत की, लेकिन सभी लोग कान में तेल डाले बैठे हैं। खानापूर्ति करने के लिये केवल दिन में एक दो बार हल्का-फुल्का पानी का छिड़काव कर दिया जाता है। एक ओर चिलचिलाती धूप तो दूसरी ओर शादी विवाह का लगन ऐसी स्थिति में सड़कों पर आवागमन सामान्य दिनों से अधिक हो रहा है, जिससे लोग परेशान हैं।

### आम लोगों की परेशानी से किसी को कोई लेना-देना नहीं : व्यवसाई

व्यवसायिक संघ मेराल के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, व्यवसाई मुन्ना जायसवाल, सुधीर जायसवाल, संतोष कुमार, विष्णु यादव, सुरेंद्र प्रसाद, विनोद प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, राजेश भगत, सद्दाम अंसारी आदि लोगों ने कहा कि कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही की वजह से मेराल के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आम लोगों की परेशानी से किसी को कोई लेना-देना नहीं है। हम सभी का व्यवसाय चौपट हो रहा है। मास्क पहन कर दुकान में बैठने के बाद भी सांस लेने में दिक्कत हो रही है। अगर यही स्थिति रही तो मेराल के लोग कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाएंगे। फ्लाईओवर का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। डायवर्सन इतना ऊबड़ खाबड़ है कि दो पहिया सवार लोग प्रायः गिरते रहते हैं, सड़क पर चलने वाले लोगों का अस्थि पंजर तक हिल जा रहा है।

### नेता और प्रशासन से अपील

व्यवसाईयों तथा सड़क किनारे रहने वाले लोगों ने अपने रहनुमा नेता तथा प्रशासन से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुये सार्थक पहल करने की अपील की है। लोगों ने कहा कि अगर इस पर सार्थक पहल नहीं किया गया तो बाध्य होकर हम लोग सड़क पर उतरेंगे।

### जिम्मेवार अधिकारी छुट्टी पर रहने का दिया हवाला

कंस्ट्रक्शन कंपनी के एमडी हसन से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी मैं छुट्टी पर हूं, विनोद सिंह इंचार्ज हैं। जब विनोद सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी छुट्टी पर रहने की बात कही। उपरोक्त दोनों अधिकारी अपने को छुट्टी पर होने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिये।

### डीसी ने कंपनी को बोलने का दिया आश्वासन

डीसी शेखर जमुआर से संपर्क कर स्थानीय लोगों तथा राहगीरों की समस्या से अवगत कराया गया तो उन्होंने कंस्ट्रक्शन कंपनी को बोलने का आश्वासन दिया। इधर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी यशवंत नायक तथा थाना प्रभारी विष्णु कांत से व्यवसाईयों ने फोन पर समस्या का स्थाई समाधान करने का आग्रह किया है।

## बिजली का हाई वोल्टेज तार गिरने से एक गाय की मौत



**विश्रामपुर :** नगर परिषद विश्रामपुर के वार्ड नम्बर दो के रकसाहा में बिजली का हाई वोल्टेज तार गिरने से श्यामनारायण चौधरी के गाय की मौत हो गई। वहां के सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार चौधरी ने बताया कि घटना बिजली विभाग की लापरवाही से हुई है। उन्होंने बताया कि कई बार विभाग को जर्जर व लूज तार होने की जानकारी दी गयी थी। लेकिन अभी तक न तो लूज पड़े तारों को ठीक किया गया और न ही जर्जर तार पोल को बदला गया। जिससे आये दिन ऐसी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## उन्नति मार्बल एंड टाईल्स शो रूम का हुआ शुभारंभ

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के जंगीपुर में गुरुवार को उन्नति मार्बल एंड टाईल्स नामक शो रूम का उद्धघाटन हुआ। उद्घाटन समाजसेवी राकेश पाल, उमेश कश्यप, विजय प्रसाद सोनी, राजू चौबे सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शो रूम के प्रोपराईटर दौलत सोनी ने बताया की उन्नति मार्बल एंड टाईल्स का झारखंड में यह तीसरा शो रूम है। इससे पहले गढ़वा और लातेहार में शो रूम खुल चुका है। छतरपुर में भी जल्द शो रूम का उद्घाटन होगा। दौलत सोनी ने बताया कि प्रतिष्ठान में वरमोरा व अन्य कंपनी का टाईल्स व ग्रेनाईट सस्ते दर पर उपलब्ध होगा। श्री बंशीधर नगर शहर व अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को अब यूपी एवं अन्य बड़े शहरों में टाईल्स लेने नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने प्रोपराईटर को शो रूम खोलने पर बधाई दी। मौके पर राकेश पाल, उमेश कश्यप, संतोष कश्यप, राजू चौबे, भगत सिंह, धीरज सोनी, विजय प्रसाद सोनी, राजेन्द्र सेठ, राजू सेठ, अमित सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।



## उंटारी के मलवरिया में एक खलिहान व घर में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

**विश्रामपुर :** उंटारी रोड थाने के मलवरिया गांव में गुरुवार की दोपहर खलिहान व उससे सटे एक घर में अचानक आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार गुरूवार की दोपहर शार्ट सर्किट से एक खलिहान में आग लग गई। खलिहान में करीब 200-250 बंडल गेंहू रखा हुआ था। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि बगल के सुनेश्वर रजवार के घर में भी उसकी लपटें पहुंच गई। पूर्व जिला पार्षद सह मलवरिया गांव निवासी मनोज कुमार सिंह इसकी सूचना थाने व दमकल को दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों व दमकल की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक काफी कुछ जल चुका था। ग्रामीणों की ततपरता से और घरों में आग लगने से किसी तरह रोका गया। पूर्व जिला पार्षद श्री सिंह ने बताया कि मलवरिया के राधेश्याम राम, महेंद्र राम व सीताराम के खलिहान में आग लगी थी। वहीं सुनेश्वर राम के घर में आग लगी थी। ग्रामीणों की मदद से कईल रजवार और रामजीत रजवार के घर को किसी तरह जलने से बचा लिया गया। वहीं खलिहान में रखा हुआ गेहूं जलकर नष्ट हो गया।

## 30 से अधिक रामनवमी जुलूस से पटी लस्लीगंज, हुआ रावण पुतला दहन

**नीलांबर पीतांबरपुर :** सनातन धर्म सभा व रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय के गोवर्धन मैदान में रामनवमी महोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशी भूषण मेहता ने किया। मौके पर विधायक ने प्रखंड क्षेत्र के आये 30 से अधिक रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष को तलवार एवं पगड़ी देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व सनातन धर्म सभा के द्वारा मुख्य अतिथि व रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा के पदाधिकारियों को पगड़ी एवं तलवार से सम्मानित किया गया। तो दूसरी ओर राम कृष्ण सनातन धर्म महासभा ने सनातन धर्म सभा के सभी पदाधिकारी को सम्मानित किया। कार्यक्रम मे विधायक ने कहा कि रामनवमी का त्यौहर हम सब असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के रूप में मनाते हैं। त्रिलोक विजेता रावण को उसके अहंकार ने ही उसे समाप्त कर दिया। अंहकारी लोगों का रावण के जैसा ही हश्र होना तय है। इसलिये आज का दिन अपने अंदर के अहंकार को समाप्त करने का शपथ लेने का है। करीब 3 घंटे तक विधायक ने विभिन्न गांव से आ रहे जुलूस का अभिवादन मंच से किया। वहीं सभी रामनवमी पूजा समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन लाला प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, सचिव राजू राय, महामंत्री आनंद कुमार, मंत्री सुदर्शन सोनी, संयोजक सुरेश भगत, राजेश गुप्ता, रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा के सचिन पंकज मिश्रा, कोषाध्यक्ष कमेश यादव, प्रमुख सुनील पासवान, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, अजय पासवान, सुमित सिन्हा, अजीत सिन्हा समेत काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

**धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में एकता व आपसी भाईचारा बढ़ता है : पूर्व विधायक अनंत**

# श्री रामजन्मोत्सव पर श्रीराम सेना की ओर से भक्ति जागरण

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** श्रीराम सेना की ओर से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार की शाम में यहां बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर के समीप भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीराम सेना के मुख्य संरक्षक झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, श्रीराम सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, अशोक जायसवाल व कामेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान बनारस के महाकाल झांकी मंडली के कलाकारों ने भक्ति जागरण के साथ-साथ देवी देवताओं की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। उस मौके पर पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में एकता व आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी से क्षेत्र में अमन चैन एवं सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने भक्ति जागरण आयोजित करने के लिये आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुये अगले वर्ष इससे भी भव्य रूप से जागरण कराने का आश्वासन दिया।



**कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुतकर लोगों का मन मोहा :** महाकाल झांकी ग्रुप की ओर से कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। महाकाल झांकी ग्रुप का शिव तांडव आकर्षण का केंद्र रहा। देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने श्रोताओं को झुमने को विवश कर दिया। उधर पुलिस प्रशासन के लोग शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह व थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक दल बल के साथ जायजा लेते रहे। लिहाजा रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संम्पन्न हो गया। उधर श्रीराम सेना के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को संपन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन के प्रति आभार प्रकट कर उन्हें धन्यवाद दिया। शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस संपन्न कराने पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक को पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों का आरती उतारकर झांकी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, डॉ संतोष कुमार, श्री राम सेना के संरक्षक अशोक जायसवाल, कामता प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र अग्रहरी, नीरज जायसवाल, प्रताप जायसवाल, पूर्व मुखिया अजय प्रसाद, श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, संजीत कुमार छोटू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**रामनवमी** सामाजिक एकता व समरस्ता का मिशाल है गढ़वा : मिथिलेश ठाकुर

# राममय हुआ गढ़वा, भक्तों की उमड़ी भीड़



### भगवान श्री राम के आदर्शों को अपनाने की है जरूरत : बीडी राम

### श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल ने किया सम्मानित

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले भर में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी काफी धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया गया। पूरा गढ़वा जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा। रामनवमी के जुलूस में राम भक्तों की सैलाब उमड़ पड़ी। बुधवार की देर रात तक गाजे-बाजे के साथ झांकी, रथ व जुलूस का सिलसिला जारी रहा। सभी जुलूस, रथ, झांकी रंका मोड़ से होते हुये रामलला मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। रामनवमी के मौके पर शहर के रंका मोड़ पर श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से समारोह आयोजित कर अखाड़ा, रथ व झांकी आदि को सम्मानित किया गया। जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, सांसद वीडी राम, समाजसेवी राकेश पाल आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में रामनवमी पर्व काफी वृहद तरीके से मनाया जाता है। रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के प्रयास से यह आयोजन और भी भव्य बन गया है। गढ़वा सामाजिक एकता एवं समरसता का मिशाल है। मंत्री ने कहा कि धरती पर जब-जब पाप, अत्याचार बढ़ता है, तब तब भगवान विष्णु अलग-अलग रूपों में अवतार लेते हैं। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के रूप में अवतार लेकर रावण का का वध किया था। मंत्री ने कहा कि रावण बहुत बड़े ज्ञानी थे, परंतु वह काफी अहंकारी भी थे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों को हम सभी लोग अपने जीवन में आत्मसात करें। तभी पर्व, त्यौहार की सार्थकता होगी। मंत्री ने भगवान श्रीराम एवं मां दुर्गा से गढ़वा सहित संपूर्ण देश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भगवान ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के रूप में अवतार लेकर मनुष्यों को जीवन जीने का मार्ग बताया है। सांसद ने कहा कि गढ़वा में अब रामनवमी का त्योहार काफी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। इस बेहतर प्रयास के लिये रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं गढ़वा वासी धन्यवाद के पात्र हैं। मंच का संचालन धीरज दुबे ने किया। मौके पर महासमिति जेनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप, संरक्षक दौलत सोनी, कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के सचिव विकास कुमार माली, संरक्षक मुरली श्याम सोनी, राजकुमार मलेशिया, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, सूरज गुप्ता, जवाहर पासवान, डा अनिल साव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।






### मंत्री ने किया समानित

महासमिति की ओर से मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, निवर्तमान सांसद वीडी राम ने कार्यक्रम में शामिल नागपुर महाराष्ट्र के भगवा ढोल वाद्य पताका टीम, कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के सचिव विकास कुमार माली व दौलत सोनी, अपने सिर से नारियल तोड़ने का करतब दिखाने वाले सहिजना मोहल्ला निवासी आदित्य कुमार को भी सम्मानित किया।

### निकाला गया एक से बढ़कर एक रथ

मां भवानी अखाड़ा, श्री राम मंडली, जय देवी संघ टंडवा, महाराणा प्रताप अखाड़ा व व्यवसाई संघ आदि अखाड़ा की ओर से एक से बढ़कर एक रथ निकाले गये। जुलूस में निमिया स्थान दिगंबर अखाड़ा, रेलवे लाईन पार जय हनुमान अखाड़ा, आदर्श नगर आदर्श नगर वीर कुंवर सिंह अखड़ा, श्री बजरंग अखाड़ा, शांति सद्भावना समिति, बजरंग दल, इंदिरा गांधी रोड जय श्री राम अखाड़ा, अग्रवाल मोहल्ला व्यवसाय संघ, मेन रोड महाराणा प्रताप अखाड़ा, शिवाजी अखड़ा, राखी मोहल्ला मां भवानी अखाड़ा, चिनिया रोड श्री राम पूजा समिति, नगवा मोहल्ला शिव शांति संघ, सहिजना राम नवमी पूजा समिति, नवादा मोड़ रामदूत अखाड़ा, गढ़देवी मंदिर जय मां गढ़देवी अखाड़ा, टंडवा देवी धाम, श्री राम मंदिर टंडवा, नवादा जय मां संघ अखाड़ा, मदरसा रोड पवनपुत्र अखाड़ा, नाहर चौक संपूर्ण हिंदू संघ अखाड़ा, रंका मोड़ जनरल कमेटी संकट मोचन हनुमान मंदिर, खादी बाजार श्री राम मंडली, चिरौंजिया, जय श्री राम दल, महावीर मंडल, राम जन्म उत्सव समिति सहित कुल 30 अखाड़े शामिल थे। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस रही। डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय खुद शहर में धूम धूम कर सुरक्षा का जायजा लेते रहे।

### इन अखाड़ों को किया गया पुरस्कृत

श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से रंका मोड़ पर स्थापित निगरानी मंच की ओर से रथ झांकी में प्रथम पुरस्कार श्री राम मंदिर टंडवा, द्वितीय पुरस्कार श्री राम मंडली पुरानी बाजार व तृतीय पुरस्कार जय भारत अखाड़ा व्यवसायी संघ को दिया गया। जबकि जुलूस में प्रथम पुरस्कार देवी संघ अखाड़ा सहिजना, द्वितीय पुरस्कार महाराणा प्रताप अखाड़ा, तृतीय पुरस्कार श्री राम दल चिरौंजिया को दिया गया। मानव झांकी में प्रथम पुरस्कार न्यू गोल्डेन अखाड़ा दिपुआ, द्वितीय पुरस्कार निमिया स्थान विकास समिति, तृतीय पुरस्कार राम दूत अखाड़ा विशुनपुर को दिया गया। जबकि भंडारा में प्रथम पुरस्कार युवा शक्ति संघ रंका मोड़, द्वितीय पुरस्कार कमलापुरी वैश्य समाज तथा तृतीय झुग्गी झोपड़ी संघ साहिजना मोड़ को दिया गया।

**श्री महावीर मंडल ने किया सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, मिथिलेश ने कहा**

# भगवान श्री राम ने प्रेम, त्याग एवं अनुशासन का दिया संदेश

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** रामनवमी के मौके पर शहर के मझिआंव मोड़ झंडा चौक पर श्री महावीर मंडल के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अखाड़ा, झांकी एवं रथ के पदाधिकारियों को तलवार, मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान राजस्थान से आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम व कला का प्रदर्शन किया। मंत्री ने बेहतर प्रदर्शन के लिये कलाकारों को पुरस्कृत भी किया। मौके मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब गढ़वा में भी काफी भव्य तरीके से रामनवमी मनाया जाता है। गढ़वा में रामनवमी की भव्यता में चार चांद लगाने में श्री महावीर मंडल का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग हमेशा आपसी एकता एवं भाईचारा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। आज का यह मंच गंगा-जमुनी तहजीब को प्रस्तुत कर रहा है। इस मंच की शोभा सभी जाति, धर्म के लोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने मानव योनि में अवतार लेकर प्रेम, त्याग एवं अनुशासन का संदेश दिया है। वे अपने पिता की एक आदेश का पालन कर 14 वर्ष वन में रहे। हम सभी को भगवान श्री राम के आदर्शों का पालन करना चाहिये। मंत्री ने कहा कि जो लोग हमें बांटने का काम करते हैं, आपस में विद्रोह कराते हैं, वैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रावण बहुत बड़े ज्ञानी थे, परंतु बहुत अहंकारी भी थे। मंत्री ने कहा कि जिसमें अहंकार भरा होता है उसका अंत बहुत बुरा होता है। इस दौरान झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विजय केशरी, डॉ यासीन अंसारी, विनोद पाठक आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कंचन साहू ने किया। मौके पर मुख्य रूप से मनोज ठाकुर, राकेश पाल, दीपक तिवारी, जगजीवन बघेल, छुन्नु कुरैशी, नईम सिद्दीकी, शोभा साहू, विशाल कुमार जायसवाल, राजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।








# पहले चरण का मतदान आज, तैयारियां पूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने प्रथम चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ज्यादातर स्थानों पर मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

लोकसभा 102 सीटों में से 73 सामान्य, 11 अनुसूचित जनजाति और 18 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 16.63 करोड़ मतदाता हैं और उनके लिए आयोग की ओर से 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 18 लाख मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस चरण में 1625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें से 1491 पुरुष और 134 महिलाएं हैं। मतदाताओं की संख्या 16.63 करोड़ है। इसमें 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11371 ट्रांसजेंडर है। 35.67 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष है। इस चरण में 85 वर्ष की आयु से अधिक के 14.14 लाख मतदाता हैं। 13.89 लाख दिव्यांग मतदाता है।

चुनाव आयोग ने सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव



कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए हैं। जो मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही सुनिश्चित करेंगे।

आयोग के अनुसार करीब 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जाएगी। 661 पर्यवेक्षक तैनात होंगे। इनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक हैं। ये चुनाव आयोग की आंख, कान और नाक की भूमिका निभायेंगे। अंतरराज्यीय सीमाओं पर 1375 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 162 चेक पोस्ट बनाई गई हैं, ताकि अवैध सामग्री की आवाजाही न हो।

पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।

## दूसरा चरण : पर्यवेक्षकों के साथ कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के 250 से अधिक पर्यवेक्षकों के साथ आज वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की और उन्हें सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएं विशेष रूप से गर्मी से निपटने के लिए सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। दूसरे चरण के लिए 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। सभी ने नामांकन की अंतिम तिथि यानी 3 अप्रैल से पहले निर्वाचन क्षेत्रों में रिपोर्ट किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने सभी पर्यवेक्षकों से सख्ती से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं हों। उनसे कहा कि वे विशेष रूप से यह सुनिश्चित करें कि गर्मी से निपटने के पर्याप्त उपाय हों, मतदान केंद्र के करीब कोई प्रलोभन न दिया जाए, बलों का इष्टतम उपयोग हो और कानून व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

## पहला चरण : मुख्य चुनाव आयुक्त ने की मतदाताओं से अपील

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है।




लोकसभा में पहले चरण का मतदान कल होगा। शुक्रवार 19 अप्रैल सुबह सात बजे से छह बजे तक 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की हैं। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। चुनाव अधिकारी लोगों का विनम्रता के साथ मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। जनता जरूर वोट करे। उन्होंने महात्मा गांधी के उद्धरित शब्दों को दोहराया, जिसमें वे कहते हैं कि मतदान कमजोर को मजबूत लोगों के साथ समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक वोट से सरकारें गिरती हैं। अपने वोट की कीमत का एहसास आपको ईवीएम का बटन दबाने पर होगा।

### बिहार में पहले चरण के चार लोकसभा क्षेत्रों में पांच हजार बूथ संवेदनशील

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को जिन चार सीटों पर होगा, सूबे में सर्वाधिक संवेदनशील बूथ इन्हीं लोकसभा क्षेत्रों में चिह्नित किये गये हैं। इनमें औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 15 विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ संवेदनशील घोषित किये गये हैं। इन मतदान केंद्रों की संख्या करीब पांच हजार है। ऐसे में चुनाव आयोग की तरफ से कुछ जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील बूथों पर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक और सामान्य बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित किया है। तीन विधानसभा क्षेत्रों के कुल 995 बूथों को संवेदनशील माना गया है, जहां पर मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। इसमें शेरघाटी विस क्षेत्र के 305 बूथ, बाराचट्टी के 332 बूथ व बोधगया के 358 बूथ संवेदनशील हैं। गया लोस के शेष सभी विस क्षेत्रों गया टाउन, बेलागंज व वजीरगंज में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जमुई लोस क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1659 बूथ संवेदनशील हैं। इसमें सिकंदरा विस क्षेत्र के 313 बूथ, जमुई के 319 झाझा के 352, चकाई के 335 और तारापुर के 340 बूथ संवेदनशील हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के सिर्फ एक विधानसभा शेखपुरा के बूथ सामान्य हैं। 1941 बूथों में नक्सल प्रभावित 223 बूथ और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 502 है। नवादा लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों के 666 बूथों को संवेदनशील माना गया है। इसमें रजौली विधानसभा में 333 बूथ और गोविंदपुर विधानसभा के 328 बूथ हैं। नवादा लोकसभा क्षेत्र के बरबीघा, हिसुआ, नवादा और वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ संवेदनशील हैं।

# अब शांति और विकास की धरती बन गई है कोकराझाड़ : जेपी नड्डा

**कोकराझाड़ (असम)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस के शासनकाल में जो कोकराझाड़ आंदोलन की धरती बन गया था, वह आज शांति की धरती बन गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने काम किया है।



जेपी नड्डा गुरुवार को कोकराझाड़ में एनडीए समर्थित यूपीपीएल के उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोकराझाड़ में बम धमाका, सड़क जाम, बंद, हड़ताल आदि की खबरें होती थीं। उस समय कोकराझाड़ की पहचान आंदोलन के धरती की तरह बन गई थी लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के प्रयासों से यह शांति और विकास की धरती बन गई है। उन्होंने कहा कि फैसले लेने में माहिर प्रधानमंत्री मोदी तथा उसे अमल करने में एक्सपर्ट अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ सरमा और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोड़ो के सहयोग से यहां शांति की स्थापना हुई। जनवरी 2020 में बोड़ो शांति समझौता के जरिए इस सदी का एक ऐतिहासिक समझौता किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में भाई को भाई से लड़ा कर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा था। आपस में खूनी संघर्ष हुआ करते थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से सारे भ्रष्टाचार के खेल को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के प्रयासों से पूर्वोत्तर में उग्रवाद का एक प्रकार से सफाया हो गया है। उग्रवादी संगठन के सदस्य मुख्य धारा में शामिल कर दिए गए और पूरे क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# राहुल 20 को भागलपुर से करेंगे चुनावी शंखनाद

**पटना।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल यानि शुक्रवार को होना है कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए बिहार आयेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वे 20 अप्रैल को बिहार आएंगे।

इस बार के लोकसभा चुनाव में यह राहुल का पहला बिहार दौरा होगा। 20 अप्रैल को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में राहुल गांधी की चुनावी सभा होनी है। इस दौरान राहुल गांधी कांग्रेस के उम्मीदवार अजीत शर्मा को वोट देने की अपील जनता से करेंगे। बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह उनके साथ मंच साझा करेंगे।

आगामी 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में 5 सीटों पर लड़ाई है। इसमें तीन सीट भागलपुर,कटिहार



और किशनगंज पर कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पूर्णिया की सीट पर पप्पू यादव ने निर्दलीय ताल ठोका है जो पहले ही अपने दल का विलय कांग्रेस में कर चुके हैं। ऐसे में राहुल का बिहार दौरा कांग्रेस पार्टी को लाभ पहुंचा सकता है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज को मप्र के चुनावी दौरे पर



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के स्टार प्रचारक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार, 19 अप्रैल को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर दमोह आ रहे हैं। वे यहां एक घंटे रुकेंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे। दमोह से सटे इमलाई गांव में आयोजन स्थल तैयार किया गया है, जहां पर प्रधानमंत्री की जनसभा होगी। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री विशेष विमान से दोपहर 1.15 बजे खजुराहो विमानतल पहुंचेंगे और दोपहर 1:45 बजे हेलिकॉप्टर से दमोह आएंगे। वे यहां इमलाई ग्राम ग्राउंड में दोपहर दो बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा को संबोधित करने के बाद दोपहर 2:45 बजे यहां से जबलपुर के लिए रवाना होंगे। यहां से विशेष विमान द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली रवाना होंगे। जबलपुर के पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के मुताबिक जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर 19 अप्रैल को तीन घंटे का नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। मप्र में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की यह चौथी सभा होगी। इससे पहले वे जबलपुर में रोड शो और बालाघाट व पिपरिया में जनसभा कर चुके हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री 24 अप्रैल को सागर, बैतूल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे और भोपाल में उनका रोड शो होगा। वहीं, प्रधानमंत्री की 25 अप्रैल को मुरैना में भी चुनावी सभा है। दूसरे चरण की दमोह संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी चुनाव लड़ रहे हैं। उनके विरुद्ध कांग्रेस की ओर से तरवर सिंह लोधी चुनावी मैदान में है। राहुल लोधी 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। इसके बाद हुए उपचुनाव में वे विधानसभा चुनाव हार गए थे। विधानसभा में हार के बाद भाजपा ने राहुल लोधी को दमोह से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)